दिनांकः 14.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- जैसलमेर जिले में आज एक निजी बस में आग लगने से हुए हादसे में कई लोग झुलसे–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर रवानां
- केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–पर्यटन क्षेत्र भारत की सांस्कृतिक छवि को विश्व मंच पर सशक्त बनाता हैं
- गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्ष गार्ड–एनएसजी को देश में संगठित अपराध और आतंकवाद से निपटने में अग्रणी बतायां
- देश में चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6 दशमलव तीन–तीन प्रतिशत की बढ़ोतरीं

000

जैसलमेर जिले में आज एक निजी बस में आग लगने से हुए बड़े हादसे में कई लोगों के झुलसने की खबर हैं ये हादसा जैसलमेर से करीब 20 किलोमीटर दूर जोधपुर हाईवे पर थइयात क्षेत्र में हुआ हैं हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गयें

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुःख जताया हैं उन्होंने जिले के अधिकारियों से बात कर घटना की पूरी जानकारी ली और घायलों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दियें घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री स्वयं जैसलमेर जा रहे हैं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया हैं उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने इस हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं उन्होंने कहा कि, जैसलमेर में चलती बस में आग लगने से हुए दर्दनाक हादसे में अनेक लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन न केवल रोज़गार और अर्थव्यवस्था को बढ़ाता है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक छवि को विश्व मंच पर सशक्त बनाता हैं श्री शेखावत आज उदयपुर में शुरू हुई दो दिन की नेशनल टूरिज्म कॉन्फ्रेंस के उद्‌घाटन सत्र में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन विचारों के आदान–प्रदान का अद्‌भुत अवसर है, जो सभी राज्यों को एक–दूसरे के नवाचारी पर्यटन मॉडलों से सीखने में मदद करेगां

................

इस कॉन्फ्रेन्स में विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए आज दो नामांकन पत्र भरे गये हैं नरेश मीणा और धरमवीर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल कियें इस सीट पर अब तक तीन प्रत्याशी नामजदगी के पर्चे भर चुके हैं नामांकन पत्र 20 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगें इस बीच, निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक विज्ञापनों के लिए पूर्व–प्रमाणन अनिवार्य कर दिया हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार, सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को सोशल मीडिया सहित किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से अनुमति लेनी होगीं आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व–प्रमाणन के कोई भी विज्ञापन जारी नहीं किया जा सकेगां इसके अलावा, उम्मीदवारों को नामांकन के समय अपने सभी सोशल मीडिया खातों का विवरण भी देना होगां साथ ही चुनावी खर्च का पूरा ब्यौरा आयोग को सौंपना अनिवार्य होगां

000

श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कहा है कि बोर्ड आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को लागू करेगा, जिससे प्रदेश के माटी कलाकारों को केवल सीज़नल नहीं, बल्कि वर्षभर रोज़गार उपलब्ध हो सकें श्री टाक आज उद्योग भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार बोर्ड कलाकारों को प्रशिक्षित कर अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध करा रहा हैं उन्होंने बताया कि स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी उत्पादों को खादी भंडारों पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं साथ ही, बोर्ड पहली बार कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह भी आयोजित करेगां उन्होंने रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर बस स्टैंडों पर भी कुल्हड़ के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कहीं

000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हैं श्री शाह ने कहा कि देश को आतंकवादी खतरों से बचाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं हरियाणा के मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि एनएसजी देश में संगठित अपराध और आतंकवाद से निपटने में अग्रणी रहा हैं इस मौके पर श्री शाह ने विशेष अभियान प्रशिक्षण केंद्र की आधारशिला रखीं उन्होंने कहा कि यह केंद्र आतंकवाद से निपटने के लिए उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगां

...............

000

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस देश को गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं आज नोएडा में विश्व मानक दिवस समारोह में एक वीडियो संदेश में, श्री जोशी ने कहा कि बीआईएस दुनिया के अग्रणी राष्ट्रीय मानक निकायों में शामिल हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने कहा कि विश्व मानक दिवस उत्पादों के मानकीकरण बारे में जागरुकता बढ़ाने का एक अवसर हैं उन्होंने कहा कि बीआईएस पूरे देश में मानकों और गुणवत्ता प्रमाणन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं

000

देश में चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6 दशमलव तीन–तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 11 लाख 89 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया हैं आयकर विभाग ने बताया है कि इस वर्ष पहली अप्रैल से 12 अक्टूबर तक कॉर्पोरेट कर संग्रह लगभग 5 लाख 2 हजार करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4 लाख 29 हजार करोड़ रुपये थां आयकर विभाग के अनुसार प्रतिभूति लेनदेन पर कर संग्रह 30 हजार आठ सौ 78 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष में 30 हजार छह सौ 30 करोड़ रुपये थां

000

चूरू ज़िले के तालछापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य में विदेशी पक्षी कुरजां का आगमन शुरू हो गया हैं बर्फीले देशों, जैसे कज़ाकिस्तान और मंगोलिया, से ठंड से बचाव के लिए ये प्रवासी पक्षी हर साल हज़ारों की संख्या में यहां आते हैं आमतौर पर दीपावली के बाद आने वाले कुरंजा इस बार कुछ दिन पहले ही पहुँच गए हैं, जिससे पक्षी प्रेमियों में उत्साह हैं ये पक्षी फरवरी तक यहां रहते हैं हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि अभ्यारण्य में काले हिरणों के साथ विचरण करते इन कुरंजा पक्षियों की तस्वीरों को पर्यटक अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं

................

000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज करौली जिले के हिण्डौन सिटी में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का गहन निरीक्षण कियां उन्होंने शिविरों में नागरिकों को मिल रही विभिन्न सेवाओं की विस्तृत समीक्षा कीं मंत्री खर्रा ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक शीघ्रता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुँचाना सुनिश्चित करें

000

दीपावली के अवसर पर राजस्थान स्टेट गैस–आरएसजीएल ने सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए हैं आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने कोटा, नीमराणा और कूकस में संचालित सभी स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा हैं उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पटाखे या अन्य ज्वलनशील उत्पाद चलाते समय गैस पाइपलाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें अधिकारियों को भी सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं

000

दीपावली के अवसर पर डीग के बाज़ारों और मंदिरों को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा हैं देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त, मुकेश कुमार मीना ने बताया कि विभाग द्वारा सभी मंदिरों में धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगीं

दीपावली से पहले मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगां लक्ष्मण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भागीदारी से सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन कर "एक दीप सबके लिए" का संदेश दिया जाएगां इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से बनी गणेश–लक्ष्मी प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं

000